रजि० नं० 785/2017-18/4
ई-मेल – hindivm@gmail.com
वेबसाइट – www.hindiolympiad.in

# हिंदी विकास मंच

( नीति आयोग, भारत सरकार पंजीकरण संख्या डीएल/2018/0205196 )

प्रतिष्ठा में,

प्रधानाचार्या जी!

**विषय : शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लिखित ऑनलाईन अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2021-22 परीक्षा के संदर्भ में।**

आशा है आप सपरिवार स्वस्थ एवं सकुशल होंगे। हिंदी विकास मंच द्वारा **'पंचम अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2021-22'** आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष सर्वाधिक प्रतिभागियों के साथ विश्व कीर्तिमान स्थापित करने हेतु मंच प्रयासरत है जिसमें सम्मिलित सभी विद्यालयों एवं सभी विजेताओं को विश्व कीर्तिमान का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में **कक्षा 1 से कक्षा 10** तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का आकलन एवं भाषा संबंधी ज्ञान में वृद्धि होगी। इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन **ऑनलाइन** होगा।

**अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के मुख्य लाभ**

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में भाग लेने से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के स्तर का पता चलता है।
- राज्य, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों को अपनी क्षमता को परखने का मौका मिलता है, जिससे उन्हें अपने ज्ञान के स्तर का और अपनी तर्कशक्ति की क्षमता का पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी करने से विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर में वृद्धि होती है।
- अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को मिलने वाले पुरस्कारों और प्रमाण-पत्र से उनका उत्साहवर्धन होता है।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार वितरण समारोह नई दिल्ली में **9 जनवरी 2022** को आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन की सूचना विद्यालय एवं विजेता प्रतियोगियों को पहले ही दे दी जाएगी।

**प्रत्येक विद्यालय से कक्षानुसार कम से कम पाँच विद्यार्थी अपेक्षित हैं।** विश्व कीर्तिमान बनाने की इस शृंखला में आपका सहयोग अत्यंत आवश्यक है। अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विकास में अपना अमूल्य सहयोग देते हुए इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिकाधिक विद्यार्थियों को उत्साहित एवं प्रेरित कर कृतार्थ करें।

भवदीय

कपिल कुमार शर्मा
संयोजक, हिंदी विकास मंच
मोबाइल: 9999047470

दो गज दूरी
मास्क है जरूरी

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत

# पुरस्कार एवं सम्मान

| श्रेणी | पुरस्कार (अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कक्षा-3 से 10) |
|---|---|
| प्रथम स्थान | 5100/- रूपये, ट्रॉफी एवं विशिष्ट उपलब्धि प्रमाण-पत्र |
| द्वितीय स्थान | 3100/- रूपये, ट्रॉफी एवं विशिष्ट उपलब्धि प्रमाण-पत्र |
| तृतीय स्थान | 2100/- रूपये, ट्रॉफी एवं विशिष्ट उपलब्धि प्रमाण-पत्र |
| चतुर्थ से दसवां स्थान | प्रोत्साहन पुरस्कार एवं विशिष्ट उपलब्धि प्रमाण-पत्र |

**सभी प्रतिभागियों को ई-प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।**

**कक्षा-1 व 2 के सभी सफल प्रतिभागियों को स्तरानुसार पदक प्रदान किया जाएगा।**
**जिनके अंक (91-100, स्वर्ण पदक) (75-90, रजत पदक) (61-74, कांस्य पदक)**

- कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमश: स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से पुरस्कृत किया जाएगा। कक्षा में कम से कम 20 प्रतिभागी होने पर एवं उनके अंक 60 प्रतिशत से अधिक हों।
- कम संख्या होने पर विद्यालयानुसार पाँच प्रतिभागियों पर एक पदक प्रदान किया जाएगा।
- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक श्रेणी में एक से अधिक विद्यार्थी होने पर नकद राशि को समान रूप में बाँट दिया जाएगा।
- 200 से अधिक प्रतिभागी होने पर संबंधित विद्यालय एवं ओलंपियाड कोऑर्डिनेटर को पुरस्कृत किया जाएगा।

**www.internatiioalhindiolympiad.in**



# ‘अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2021-22’ से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी

- **‘पंचम अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2021-22’** प्रतियोगिता में कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।
- परीक्षा का आयोजन **14 नवंबर 2021 से 23 नवंबर 2021 तक कक्षानुसार** ऑनलाइन किया जाएगा।
- परीक्षा शुल्क भारत से बाहर स्थित सभी प्राईवेट विद्यालयों के लिए

  USD10 (केवल अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2021-22 हेतु)
- USD20 (अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संपूर्ण शैक्षिक सत्र जिज्ञासा ऑनलाइन मूल्यांकन हेतु)
- परीक्षा के संचालन एवं अन्य विविध व्यय हेतु परीक्षा शुल्क USD20 में से USD2 प्रति छात्र विद्यालय को दिए जाएँगे। (50 या उससे अधिक प्रतिभागी होने पर)
- अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा के साथ-साथ सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को पूरे शैक्षिक सत्र में मंच द्वारा संचालित वेबसाइट www.internationalhindiolympiad.in पर हिंदी व्याकरण पाठ्यक्रम, हिंदी ओलंपियाड अभ्यास-प्रश्न एवं अध्ययन हेतु पर्याप्त प्रामाणिक सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएगी। ।
- प्रश्न-पत्र में सभी प्रश्न बहुविकल्पीय (MCQs) एवं सामान्य व्याकरण एवं भाषा ज्ञान पर आधाारित होंगे। परीक्षा की समयावधि एक घंटा होगी।
- परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी **10 नवंबर, 2021** तक अपना पंजीकरण हिंदी विकास मंच द्वारा संचालित वैबसाइट www.internationalhindiolympiad.in पर अवश्य कर लें।
- हिंदी विकास मंच, प्रबंधन समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

## पुरस्कार वितरण समारोह



## हिंदी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करना





## हिंदी शिक्षकों के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर 'रचनात्मक प्रतिभा शिक्षक सम्मान'





## हिंदी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए कार्यशालाओं एवं नववर्ष मेले का आयोजन





## राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी ओलंपियाड का आयोजन एवं पुरस्कार समारोह





## हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट एवं मुख्य अतिथि

डॉ० हर्षवर्धन ( केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ) भारत सरकार, श्री महेश चंद शर्मा ( पूर्व महापौर ) दिल्ली,
प्रो० वी. पी. खंडेलवाल, ( पूर्व चेयरमैन सी.बी.एस.ई. ) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार
श्रीमति सिम्मी चौधरी ( संयुक्त सचिव ) इलेक्ट्रोनिक्स एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार
श्री अनुराग त्रिपाठी, ( सचिव सी.बी.एस.ई. ) शिक्षा मंत्रालय, पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा ( अंतर्राष्ट्रीय हास्य कवि ),
श्री वी. पी. बापट ( एयरमार्शल ) इंडियन एयरफोर्स, ले० जनरल नितिन कोहली ( रिटायर्ड ) भारतीय सेना,
श्री शंकर लालवानी ( सांसद ) इंदौर, श्री करण सिंह तंवर ( वाइस चेयरमैन ) एनडीएमसी दिल्ली,
डॉ० प्रदीप कुमार ( IRS ), डॉ० मुकेश गुप्ता ( प्राचार्य ) पीजीडीएवी कॉलेज दिल्ली,
डॉ० राकेश शर्मा ( संपादक ) इंदौर, डॉ० जयंती रगंनाथन ( संपादक ) हिंदुस्तान, प्रफुल्ल केतकर ( संपादक ) आर्गनाइजर

# हिंदी विकास मंच नई दिल्ली द्वारा कक्षा दस की बोर्ड परीक्षा में हिंदी विषय में शत प्रतिशत

अंक प्राप्त करने वाले 673 विद्यार्थी एवं उनके 384 हिंदी शिक्षकों को भव्य कार्यक्रम में

# श्री अनुराग त्रिपाठी, सचिव, सी.बी.एस.ई.

एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा 15 अक्टूबर 2019 को एयरफोर्स ऑडिटोरियम में सम्मानित किया गया।




## हिंदी विकास मंच द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम एवं उद्देश्य

- सी.बी.एस.सी. की बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों को पुरस्कृत करना
- ज्ञानकुंज पुरस्कार • भाषा सारथी पुरस्कार • हिंदी प्रतिभा सम्मान • हिंदी रत्न सम्मान • रचनात्मक प्रतिभा शिक्षक सम्मान
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड • हिंदी दिवस के अवसर पर 'काव्य एवं कहानी संग्रह' का प्रकाशन, • कवि सम्मेलन
- विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करना • नववर्ष मेले का आयोजन, • हिंदी शोध-पत्रिका प्रकाशन।
- हिंदी के प्रमुख लेखकों के जन्मदिवस पर साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम। • शिक्षकों के लिए हिंदी कार्यशाला।
- विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित करना।